JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2022/10/380–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 02.10.2022

जयपुर मेट्रो द्वारा
गांधी जयंती पर "स्वच्छ मेट्रो–स्वच्छ भारत" का संदेश
सजाई रंगोली व सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन।

जयपुर 02 अक्टूबर। जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153वीं जयंती के अवसर पर जयपुर मेट्रो के मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पर सफाई, श्रमदान आदि कार्यक्रम आयोजित किये।

इसी कड़ी में मेट्रो कर्मचारियों ने मेट्रो स्टेशन परिसर की सफाई व श्रमदान किया। तत्पश्चात् सुंदर रंगोली से सजाकर बापू के जन्मदिन पर बापू को याद करते हुए एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो श्री कुंजीलाल मीना ने बताया कि सभी मेट्रो कर्मचारी, बापू के दिये हुए इस स्वच्छता के मूलमंत्र को समाज व देश की प्रगति में साधक बनायें और सर्वधर्म सद्भाव रखते हुए आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलायें।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो